दिल्ली (राजधानी) गाजियाबाद (उ.प्र.) एवं देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

@manasvi_vani

www. manasvivani.com

# मनस्वी वाणी

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित दैनिक समाचार पत्र

आपका विश्वास हमारी पहचान

वर्ष : 11, अंक : 86, पृष्ठ : 06 मूल्य : 2.00 रुपये, गाजियाबाद, सोमवार, 20 जुलाई, 2026 RNI NO. UPHIN/2016/67940 8285002838




सीएम योगी की नसीहत

# पारिवारिक विवाद घर में सुलझाएं, बाहरियों की दखलंदाजी ठीक नहीं

मनस्वी वाणी, ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक बार फिर अपने आवास पर ह्यजनता दर्शनह्न का आयोजन किया। सभी लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। उनका हालचाल जाना, समस्याएं जानीं। लोगों से उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित निराकरण का आश्वासन भी दिया। इस दौरान पारिवारिक विवाद के मामले लेकर आए लोगों को घर का मामला घर के अंदर ही निबटाने की सलाह दी। कहा कि घर के मामलों में बाहरियों का दखल ठीक नहीं है इस दौरान राजस्व, पुलिस से जुड़े मामलों में हीलाहवाली की शिकायत पर सख्ती भी दिखाई। अभिभावकों के साथ आए नन्हे-मुन्नों को चॉकलेट दी और बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

घर का विवाद घर में सुलझाएं

'जनता दर्शन' में पारिवारिक विवाद से जुड़े कई मामले आए। इस पर मुख्यमंत्री ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। फिर शिकायती पत्र लेकर आए लोगों की काउंसिलिंग की और इसके दुष्परिणाम को लेकर चेताया। कहा कि ऐसे मामले बच्चों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, इसलिए घर के बड़े-बुजुर्गों के सामने बैठकर इसे सुलझाएं। निजी मामलों में बाहरियों को न शामिल करें। घर के मामलों को घर के अंदर ही सुलझाएं। 'जनता दर्शन' में कुछ अभिभावकों के साथ बच्चे भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनसे नाम और क्लास पूछा। उन्हें दुलारा-पुचकारा, फिर चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कुछ सवाल भी किए, फिर मन लगाकर पढ़ाई करने और खूब नाम कमाने का आशीर्वाद भी दिया।



### आप पदक जीतिए, हम नौकरी में प्राथमिकता देंगे

ह्यजनता दर्शनह्न में मुख्यमंत्री से मिलने कई खिलाड़ी भी पहुंचे। सभी ने अपनी बातें रखीं। सीएम ने भी खेलों के लिए उनकी तैयारी और पदकों के बारे में भी जानकारी ली। सकारात्मक उत्तर न मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी खूब परिश्रम कीजिए। उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की निरंतर सीधी भर्ती कर रही है। कई खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार समेत कई पदों पर नियुक्ति दी गई है। आप भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाइए, सरकार पुरस्कार राशि के साथ ही नौकरी भी देगी लेकिन इसके लिए खूब पसीना भी बहाना होगा।

### अधिकारियों की हीलाहवाली पर दिखाई सख्ती

मुख्यमंत्री के सामने राजस्व व पुलिस से जुड़े मामले भी आए। इस पर उन्होंने प्रकरण की जानकारी ली। पूछा कि कितने दिन पहले पुलिस या राजस्व कर्मी से शिकायत की थी। समय अधिक होने पर मुख्यमंत्री ने सख्ती दिखाई और कहा कि यह हीलाहवाली नहीं चलेगी। समय सीमा के भीतर निस्तारण न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी।

# मार्च से पहले जंतर-मंतर पर धक्कामुक्की और लाठीचार्ज

नड्डा से मिलने गए सौरभ-आशुतोष

मनस्वी वाणी, संवाददाता

नई दिल्ली। शिक्षा प्रणाली में सुधार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों के प्रस्तावित संसद मार्च से पहले हंगामा हुआ। जंतर-मंतर के चारों तरफ बैरिकेडिंग है।संसद मार्च के दौरान पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने तक पहुंचे प्रदर्शनकारियों को लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया गया।

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव, पार्टी के अन्य सांसदों के साथ संसद से जंतर-मंतर तक मार्च कर रही हैं। उन्होंने कहा, रदेश में हालात ऐसे हैं कि युवा अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन सरकार न तो उनकी बात सुनने को तैयार है और न ही बातचीत करने को।

छात्रों ने बार-बार यह बात कही है और सोनम वांगचुक ने भी सरकार से बातचीत शुरू करने की अपील की है। लेकिन सरकार इतनी अड़ियल और असंवेदनशील है कि वह किसी और की बात सुनने को तैयार नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हम छात्रों के साथ खड़े हैं और हम जंतर-मंतर तक मार्च करने जा रहे हैं। मेरा मानना है कि पूरी प्रक्रिया ही भ्रष्ट है और देश के युवा और छात्र ही इसका खामियाजा भुगत रहे हैं और भारी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।



जंतर-मंतर पर संसद मार्च को लेकर दिल्ली पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि कुछ मीडिया संस्थानों में जंतर-मंतर पर दिल्ली पुलिस द्वारा हिंसा या लोगों को हिरासत में लेने की छिटपुट घटनाओं का ज़िक्र किया गया है। यह सूचित किया जाता है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और विरोध-प्रदर्शन को पेशेवर तरीके से संभाला जा रहा है। सभी से अनुरोध है कि वे किसी भी अफवाह या गलतफहमी पर ध्यान न दें और उस जगह व उसके आस-पास शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में दिल्ली पुलिस का सहयोग करें। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में कहा कि पेपर लीक के खिलाफ, बच्चे जंतर-मंतर पर बैठे हैं, लेकिन उनके ऊपर लाठीचार्ज करवाया जा रहा है। मोदी सरकार हमारे युवा की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

### जेपी नड्डा से मिल रहे सौरभ दास और आशुतोष

'कॉकरोच जनता पार्टी' के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि आशुतोष रांका और मैं, कॉकरोच जनता पार्टी की तरफ से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मिलने जा रहे हैं। सरकार सुबह बातचीत के लिए पहुंची थी। हमारी मांगें साफ हैं। युवा भारी संख्या में इकट्ठा हुए हैं।

### संसद मार्च में जाना चाहते हैं वांगचुकः अस्पताल से मांगी छुट्टी, कहा- मैं ठीक हूं, कृपया मुझे जाने दीजिए

नई दिल्ली(म.वा.)। सोनम वांगचुक ने सफदरजंग अस्पताल से छुट्टी देने की अपील करते हुए कहा कि उनके सभी स्वास्थ्य पैरामीटर सामान्य हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें अस्थायी रूप से बाहर जाने की अनुमति दी जाए, ताकि वह 'संसद चलो' मार्च में शामिल हो सकें। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को सफदरजंग अस्पताल प्रशासन से उन्हें छुट्टी देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी सभी जांच सामान्य हैं, इसलिए उन्हें 'संसद चलो' मार्च में शामिल होने की अनुमति दी जाए। यह मार्च कॉकरोच जनता पार्टी (उखद) के संस्थापक अभिजीत दिपके और अन्य कार्यकताओं के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे वांगचुक को 18 जुलाई को अनशन के 21वें दिन स्वास्थ्य बिगड़ने पर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वांगचुक ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर साझा किए गए एक पत्र में लिखा कि वह आज खुद को पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रहे हैं और अस्पताल प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि उन्हें, भले ही अस्थायी रूप से, अस्पताल से बाहर जाने की अनुमति दी जाए।

सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में

# 7,500 पौधों के वितरण के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

**जिलाधिकारी के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने लिया पौधों के संरक्षण का संकल्प**




मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। जनपद में जुलाई माह के दौरान संचालित 'वृहद वृक्षारोपण अभियान' के तहत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में 7,500 पौधों का वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को पौधे वितरित करते हुए सभी से अपने घर, पार्क अथवा अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

डॉ. सुभाष जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि प्रत्येक छात्र कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प ले।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधे प्राप्त किए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने भी अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने तथा हरित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत किए गए पौधारोपण एवं अन्य गतिविधियों का विवरण और छायाचित्र जिला प्रशासन को भेजे जाएंगे, ताकि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

भीम सम्यक सदन के उद्घाटन समारोह में पहुंचे सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग

# बाबा साहब के पौत्र यशवंत राव अंबेडकर को किया सम्मानित



मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। भीम सम्यक सदन' के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने शिरकत की। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि एवं संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के पौत्र माननीय यशवंत राव अंबेडकर जी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

अभिषेक गर्ग ने माननीय यशवंत राव अंबेडकर जी को शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब के विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग ने कहा, रबाबा साहब के परिवार का सानिध्य मिलना बेहद गौरवपूर्ण है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टीएंडटी बिल्डर के खिलाफ फूटा फ्लैट खरीदारों का गुस्सा

# कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, प्राधिकरण को सौंपा ज्ञापन



मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। टीएंडटी बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को फ्लैट खरीदारों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिल्डर पर वादाखिलाफी, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराने और खरीदारों को लंबे समय से परेशान करने का आरोप लगाया।

हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने जीडीए से बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि परियोजना में पार्क, लैंडस्केपिंग, बिजली, जल निकासी, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं अब तक पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, जबकि खरीदारों से पूरा भुगतान लिया जा चुका है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना था कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जीडीए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए बिल्डर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा फ्लैट खरीदारों को शीघ्र आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## एक पेड, मां के नाम



गाजियाबाद। भाजपा नेता व समाजसेवी वीरेश्वर त्यागी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाते हुए छाया: मनस्वी वाणी

के.सी. त्यागी बनाम त्रिलोक त्यागी के शक्ति प्रदर्शन से बढ़ी रालोद की सियासी हलचल

# एक ही दिन दो बड़े कार्यक्रमों ने कार्यकर्ताओं को किया असमंजस में, कहीं संगठन पर न पड़े असर

मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में रविवार को उस समय राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं के.सी. त्यागी और त्रिलोक त्यागी के नेतृत्व में एक ही दिन गाजियाबाद में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। दोनों कार्यक्रम रालोद के बैनर तले हुए और दोनों में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी देखने को मिली। हालांकि इस घटनाक्रम ने संगठन के भीतर चर्चाओं का बाजार भी गर्म कर दिया।




एक ओर मोरटा गांव में संसदीय बोर्ड के चेयरमैन के.सी. त्यागी के स्वागत एवं सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। वहीं दूसरी ओर कविनगर में राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी की मौजूदगी में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और महानगर के गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने का संकल्प लिया गया।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात की रही कि दोनों कार्यक्रमों में पार्टी के कार्यकर्ता अलग-अलग स्थानों पर बंटे नजर आए। कुछ कार्यकर्ता मोरटा में के.सी. त्यागी के कार्यक्रम में दिखाई दिए, तो कई कार्यकर्ता कविनगर में त्रिलोक त्यागी के सम्मेलन में मौजूद रहे। इससे यह सवाल भी उठने लगा कि यदि भविष्य में इस तरह समानांतर कार्यक्रम होते रहे तो कार्यकताओं में भ्रम की स्थिति बन सकती है।

हालांकि दोनों कार्यक्रमों में पार्टी की नीतियों, संगठन विस्तार और किसान हितों की बात प्रमुखता से उठाई गई, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठनात्मक दृष्टि से बड़े नेताओं के कार्यक्रमों में बेहतर समन्वय होना जरूरी है। इससे कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश मिलेगा और संगठन की एकजुटता भी मजबूत होगी। फिलहाल रालोद नेतृत्व की ओर से दोनों कार्यक्रमों को सामान्य संगठनात्मक गतिविधि बताया जा रहा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इन आयोजनों को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# आईसक्रीम विक्रेता की हत्या का प्रयास, रुपये मांगने पर हुआ था विवाद

☛ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

मनस्वी वाणी, संवाददाता

सिंभावली। क्षेत्र के गांव फरीदपुर गौसाई में आइसक्रीम के पैसे मांगने पर एक विक्रेता से मारपीट की गई। आरोप है कि गांव में दो युवकों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उस पर हमला किया। घटना 18 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे हुई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। नवादा कलां निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह फरीदपुर गोसाई गांव में आइसक्रीम बेच रहा था। इसी दौरान विकास पुत्र सते और अनुज पुत्र राजकुमार उसकी मयूरी के पास आए और आइसक्रीम मांगी। सचिन ने उन्हें आइसक्रीम दी और पैसे मांगे। सचिन के अनुसार, विकास उसका सहपाठी रहा है और उसे अच्छी तरह जानता था। दोनों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसके बाद उन्होंने हाथ में पहने स्टील के कड़े और लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे सचिन के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित ने बताया कि शोर मचाने पर आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर उसने थाने में शिकायत की तो उसे जान से मार देंगे। आरोपियों ने सचिन का फोन भी छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह टूट गया।घटना की सूचना फरीदपुर से किसी व्यक्ति ने सचिन के गांव के प्रधान दीपक बिसला को दी। इसके बाद प्रधान और सचिन का भाई अंकुर मौके पर पहुंचे। गांव के अमरजीत पुत्र सुदेश पाल ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर एससी/एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और फौजी को हिरासत में ले लिया गया है।

### तेज रफ्तार कार ने आठ वाहनों में मारी टक्कर

# हादसे में सात लोग घायल तीन की हालत गंभीर

☛ मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर कस्बा निवाड़ी में बस स्टैंड के पास हुआ हादसा

मनस्वी वाणी, संवाददाता





मोदीनगर। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर कस्बा निवाड़ी में रविवार शाम सात बजे तेज रफ्तार कार ने आठ वाहनों को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में सात लोग घायल हुए है,जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों ने चालक की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार शात सात बजे मोदीनगर की ओर से एक कार तेज गति से आ रही थी। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर हनुमान चौक से पहले कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद कस्बा निवाड़ी के बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक,ई रिक्शा व कार सहित आठ वाहनों में टक्कर मारी। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर एसबीआई बैंक के सामने पेड़ से जा टकराई। लोगों ने चालक को कार से बाहर निकालकर उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार को अपने कब्जे में ले लिया। टक्कर लगने के बाद वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दिनेश,विशाल,लोकेंद,,12 साल का बच्चा ,पांच साल का उत्तम,सपना सहित सात लोग घायल हो गए। विशाल,लोकेंद्र,उत्तम की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। लोगों ने बताया कि चालक शराब के नशे में था। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भक्ति और अध्यात्म के संग हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## स्वामी वासुदेवाचार्य रविद्याभास्कर महाराज ने किया प्रथम दिवस का दिव्य प्रवचन

मनस्वी वाणी, संवाददाता



गाजियाबाद। रामानुज परिवार के तत्वावधान में हिन्दी भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य रविद्याभास्कर महाराज अयोध्या के प्रसिद्ध संत एवं श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण में न्यायालय के समक्ष महत्वपूर्ण गवाही देने वाले संत के श्रीमुख से हो रहा है। यह आयोजन 19 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक चलेगा।

प्रथम दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीहरि के स्मरण के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। स्वामी वासुदेवाचार्य रविद्याभास्कर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा, कलियुग में भागवत श्रवण के महत्व, राजा परीक्षित के वैराग्य तथा श्री शुकदेव जी महाराज के दिव्य आगमन की भूमिका का अत्यंत प्रेरणादायक एवं भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज श्री ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करने वाला दिव्य माध्यम है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भगवान के जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण से पूरा हिन्दी भवन परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया तथा कथा के उपरांत प्रसाद एवं भोजन प्रसादी भी ग्रहण की।

इस भागवत कथा के आयोजन के संयोजक अतिन अग्रवाल, अभिलाष पांडे, ललित गुप्ता, अंकुर अग्रवाल तथा अन्य लोगो में सुभाष गुप्ता, अमित गुप्ता, अंकुर मित्तल, संजीव गर्ग, अभिनव त्यागी, राजेश गर्ग आदि शामिल हैं। सर्व व्यवस्था प्रमुख ललित गुप्ता ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना, सनातन संस्कृति के आदर्शों का प्रसार करना तथा मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित करना है। यह कथा आत्मकल्याण और लोकमंगल का पावन माध्यम है। सह-संयोजक धवल गुप्ता ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। भोजन व्यवस्था प्रमुख अमित गुप्ता ने बताया कि प्रथम दिवस की कथा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस पावन आयोजन में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत महापुराण की दिव्य कथा, भजन-कीर्तन, आरती एवं सत्संग का आयोजन होगा। आयोजकों ने सभी सनातन धर्मावलंबियों, समाजसेवियों एवं आमजन से आग्रह किया है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर कथा का रसपान करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# कांवड़ शिविर संचालकों के साथ बैठक हुई

☛ शासन के दिशा निर्देश पालन के आदेश दिए
☛ सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही गई

मनस्वी वाणी, संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर । आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्र के सभी कांवड़ शिविर संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उच्च अधिकारियों द्वारा जारी नियमों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ मेले के दौरान सुरक्षा और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर संचालक पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही अपने शिविर स्थापित करें। सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।प्रभारी निरीक्षक ने शिविर संचालकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कांवड़ियों की सुविधा तथा मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाए। सुरक्षा के मद्देनजर, शिविरों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और सक्रिय स्वयंसेवकों को तैनात करना अनिवार्य होगा। साथ ही, शिविर में सेवा देने वाले सभी सेवादारों का सत्यापन और पहचान पत्र होना आवश्यक है। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि शिविर इस तरह से लगाए जाएं जिससे हाईवे या मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित न हो और दुर्घटना की कोई संभावना न बने।

# हत्या या आत्महत्या, सँगदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

☛ मृतक की पहचान ऑटो चालक के रूप में हुई, दो दिन से घर से लापता था मृतक

मनस्वी वाणी संवाददाता



गाजियाबाद। वेवसिटी थाना एरिया के डासना कब्रिस्तान में पेड़ से लटके मिले व्यक्ति हुई पहचान। मृतक व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय अली मोहम्मद पुत्र मोमबख्श निवासी फरुर्खाबाद हाल पता महेंद्र का मकान बम्हैटा के रूप में हुई है । मृतक ऑटो चालक का अपनी पत्नी से नाराज चल रहा था और दो दिन से घर नही गया था।

मृतक के साले असलम पुत्र इकबाल निवासी जिला सुल्तानपुर ने बताया कि सुबह पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति जिसने सुसाइड की है। उसका नंबर आपके मोबाइल में सेव है और जैसे ही पता चला तो अपनी बहन आस बानो के साथ घटनास्थल पहुंचा। जिसने मृतक की पहचान की है। मृतक की शादी 2010 में आस बानो से हुई थी। जिसके तीन बच्चे हैं और अपने परिवार के साथ हंसी खुशी रह रहा था। हालांकि अचानक परिवार में विवाद हुआ और 2 दिन से लापता था। सुबह जैसी परिवार को मृतक अली मोहम्मद का शव कब्रिस्तान में मिला परिवार में कोहराम मच गया। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मृतक अली मोहम्मद का पहली पत्नी को तलाक हो गया था । जिससे चार बच्चे थे और वर्तमान में अपनी पत्नी आस बानो के साथ रह रहा था। जिसके तीन बच्चे है। मृतक ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्ट रिपोर्ट के उपरांत ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा। फिलहल पूरे मामले की जांच पदताल की जा रही है।

# एसजी शिखर हाइट्स सोसाइटी में एक पेड़ आने वाले कल के नाम अभियान, किया पौधारोपण





मनस्वी वाणी संवाददाता

गाजियाबाद/मुरादनगर।एसजी शिखर हाइट्स सोसाइटी, सिद्धार्थ विहार में एक पेड़ आने वाले कल के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सोसाइटी एवं आसपास के क्षेत्र को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाना था।कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं सोसाइटी के जिम्मेदार नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर सोसाइटी के निवासियों ने स्वयं मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम से पूर्व सोसाइटी के प्रतिनिधियों एवं मेंटेनेंस टीम के साथ कई चरणों में बैठकें आयोजित की गई, जिनमें पौधारोपण क्षेत्र का चयन, भूमि की सफाई, खाद एवं पानी की व्यवस्था, अस्थायी बैरिकेडिंग, पौधों की सुरक्षा तथा दीर्घकालीन रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मेंटेनेंस टीम की ओर से माली, खाद एवं सिंचाई की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया।अभियान के अंतर्गत गुलमोहर, पापड़ी, जामुन, अशोक पेंडुलम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

इस अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले प्रमुख सदस्यों में दिलवर रावत मनोज द्विवेदी आशुतोष सहाय आकाश सद्या अमित चौहान पवन महता कुंदन कुमार अरुण रावत विनय बेहल, श्रीमती गीता सिंह रावत, श्रीमती दीप्ति चौहान, श्रीमती डॉली रावत एवं श्रीमती किरण पोखरियाल सहित अनेक महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

# निटरा टेक्निकल कैंपस में आईसीईटीए-2026 का सफल समापन

मनस्वी वाणी, संवाददाता








गाजियाबाद। निटरा टेक्निकल कैंपस, गाजियाबाद में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड देयर एप्लीकेशंस (क्ठएळअ-2026) के दूसरे एवं अंतिम दिन देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनोज शर्मा, बायोस्टैटिस्टिक्स विशेषज्ञ (अमेरिका) के ऑनलाइन व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने डेटा एनालिटिक्स, सांख्यिकीय मॉडलिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ. संदीप पोद्दार, डिप्टी वाइस चांसलर (रिसर्च एंड इनोवेशन), लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया ने अनुसंधान, नवाचार तथा वैश्विक शैक्षणिक सहयोग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं श्री योगेन्द पहाड़िया, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग लीडर, फार्नबरो, यूनाइटेड किंगडम ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग एवं डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में उभरते रुझानों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सम्मेलन के दौरान विभिन्न उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए तथा विचार-विमर्श किया। डॉ. बी. के. शर्मा, निदेशक, निटरा टेक्निकल कैंपस ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति को बधाई दी तथा देशभर से प्राप्त उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की। सम्मेलन का समापन निटरा टेक्निकल कैंपस के रजिस्ट्रार श्री के. के. दीवान द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी विशिष्ट वक्ताओं, प्रतिनिधियों, प्रायोजकों एवं प्रतिभागियों का सम्मेलन की सफलता में योगदान हेतु आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त

### किसान पुत्रवधु को लेने के लिए बीस किलोमीटर दूर हेलीकॉप्टर से गए

मुरादनगर(मनस्वी वाणी)। गांव मकरेडा निवासी किसान अपनी पुत्रवधु को लेने के लिए बीस किलोमीटर दूर हेलीकॉप्टर गए है। हेलीकॉप्टर से बैठने से पहले यज्ञ कर वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को काबू किया। गांव मकरेडा निवासी संत सिंह खारी के पुत्र दीपांशु की शादी दो साल पहले गांव रेवड़ा रेवड़ी निवासी दीपिका के साथ हुई,लेकिना गोना नहीं हुई था। गांव मकरेडा व रेवड़ा रेवड़ी की दूर महत बीस किलोमीटर और थाना भी मुरादनगर ही लगता है। रविवार को संतसिंह खारी अपने पुत्र दीपांशु ,पुत्री व पत्नी सहित अन्य परिजनों के साथ हेलीकॉप्टर से पुत्रवधु को लेने के लिए गांव रेवड़ा रेवड़ी पहुंचे। जान से पहले वैदिक मंत्रोच्चर के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में लोगों ने आहुति दी। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर में बैठकर रेवड़ा रेवड़ी के लिए चले गए। शाम छह बजे वह वापस गांव मकरेडा से वापस आए। हैलीपेड पर हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों की भीड़ हो गई। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को काबू किया। इस मौके पर सलेक भईया, कृष्णदेव आर्य, मनोज प्रधान, अरुण प्रधान, राजसिंह शर्मा, प्रेमचंद आर्य, रणधीर सिंह, सूरजमुनि, प्रवीण मुखिया, अशोक प्रधान, प्रवीण प्रधान, नितिन प्रधान, संदीप महाकाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### युवक मोबाइल पर भेज रहा है अभद्र व जान से मारने की धमकी के मैसेज

मोदीनगर(मनस्वी वाणी)।नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला को फोन करने व वाट्सऐप चैट पर अभद्र व जान से मारने के मैसेज भेज जा रहे है। कॉल करने वाले महिला का वैवाहिक जीवन में दरार डालने की धमकी दे रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला की तीन साल पहले शादी हुई थी। महिला का आरोप है कि कुछ समय से एक युवक लगातार पति के मोबाइल पर फोन कर मेरे बारे में गलत बात कर रहा है। इसके अलावा वह वाट्सऐप पर आपत्तिजनक व अपमानजनक मैसेज भेज रहा है। आरोप है कि शादी के एक माह बाद भी इसी प्रकार की हरकत की गई थी, जिसे उस समय नजरअंदाज कर दिया गया था। आरोपी युवक पति पर तलाक देने का दबाव बना रहा है। तलाक ना देने पर जान से मारने की भी धमकी दे रहा है।
भी बात कहता है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चाकू मारकर छह कुत्ते मारे, एक ही हालत गंभीर

मोदीनगर(मनस्वी वाणी)।नगर की गोविंदपुरी कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकू से ताबड़तोड़ वार कर सात कुत्तों पर हमला कर दिया। छह की मौत हो गई,जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पशु प्रेमी संदीप गुप्ता ने बताया कि शनिवार रात को सूचना मिली कि गोविंदपुरी कॉलोनी में किसी व्यक्ति ने चाकू से सात कुत्तों को ताबड़तोड़ वार किए है। जिनमें से छह की मौत हो गई,जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मौके पहुंचे तो वहां पर उनके शव वहां पर पड़े थे। संदीप गुप्ता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज चैक की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चार दिन से बिजली ना आने से गुस्साए लोगों ने बिजली सब स्टेशन किया हंगामा

मोदीनगर(मनस्वी वाणी)। चार दिन से बिजली ना आने से नाराज राधा एन्कलेव कॉलोनी निवासी लोगों ने शनिवार रात को बिजली सब स्टेशन कपर जमकर हंगामा किया। लोगों को आता देखकर विघुत निगम के कर्मचारी भाग गए। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। नगर की राधा एन्कलेव कॉलोनी के लोग शनिवार रात करीब ग्यारह बजे एकत्र होकर गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित बिजली सब स्टेशन पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद वह सब स्टेशन परिसर में ही जमीन पर बैठ गए और विघुत निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों का कहना है कि चार दिन से कॉलोनी में मात्र सिर्फ दो से तीन घंटे ही बिजली आ रही है। भीषण व उमसभरी गर्मी में बिजली ना आने से कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। फाल्ट होने पर जब फोन करते है ,कोई कर्मचारी नहीं उठाता है। हंगामा बढ़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया,लेकिन वह विघुत निगम के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए। देर रात तक हंगामा चलता रहा और अधिकारियों ने फोन पर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद वह वहां से चले गए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि कॉलोनी में जो भी समस्या है,उसके ठीक करा दिया गया है।

### दबंगों ने छात्र के घर की फायरिंग ,मुकदमा दर्ज

मोदीनगर(मनस्वी वाणी)। थानाक्षेत्र के गांव कादराबाद में रंजिश को लेकर दबंगों युवकों ने छात्र के घर के बाहर फायरिंग की। इतना ही नहीं आरोपी धमकी भरा पत्र भी फेंककर गए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव कादराबाद निवासी अंशु इंटर का छात्र है। छात्र का आरोप है कि वह गत 15 जुलाई की रात को अपने घर कार से जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया,लेकिन स्थानीय लोगों ने मामला शांत करा दिया। उसी रात दबंगों ने छात्र से मारपीट की। छात्र ने इसकी शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि शुक्रवार रात को दबंग आए और घर के बाहर फायरिंग की। इतना ही नहीं धमकी भरा पत्र भी फेंककर गए। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर सादिक,उमर,उदित व शिवा निवासी कादराबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान का आमरण अनशन 18 वें दिन भी जारी रहा

मोदीनगर(मनस्वी वाणी)। भूमाफियाओं से भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर किसान का आमरण अनशन 18 वें दिन भी जारी रहा। किसान की हालत दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। गांव पैंगा निवासी सत्येंद्र पंवार ने मोदीनगर तहसील परिसर उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठे है। शनिवार को 18 वें दिन भी उनका आमरण अनशन जारी रहा। किसान का कहना है कि भूमाफियाओं ने जमीन कब्जा कर रखी है। तमाम शिकायतों के बाद भी अभी तक भूमि कब्जा मुक्त नहीं हुई। उनका कहना है कि मांग पूरी होने पर अनशन जारी रहेगा। बता दे कि पिछले दिनों जबरन धरना समाप्त कराने से नाराज होकर किसान ने पेट्रोल अपने शरीर पर डालकर आग लगाने का प्रयास किया था।

### सड़क हादसे में घायल हुए साइकिल सवार युवक ने तोड़ा दम, रिपोर्ट दर्ज

मुरादनगर(मनस्वी वाणी)।दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर गेट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। नगर की आदर्श नगर कलोनी निवासी राजीव कुमार गत 11 जुलाई को गांव असालतनगर से दवाई लेने साईकिल पर गए थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने देर रात उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### बदमाश सात ट्यूबवैल से स्टॉटर,मोटर चोरी कर ले गए

मुरादनगर(मनस्वी वाणी)। थानाक्षेत्र के गांव रावली कलां में बदमाश सात ट्यूबवैल से विघुत मोटर, स्टॉटर,केबिल चोरी करके ले गए। किसानों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव रावली कलां में किसान विनय त्यागी,रेवती शरण शर्मा,सुमित शर्मा,सोनू शर्मा,पुरुषोत्तम,सुखेदव शर्मा व प्रदीप शर्मा की ट्यूबवैल से शनिवार रात को बदमाश सामान चोरी करके ले गए। ट्यूबवैल से हुई चोरी की घटना ने ग्रामीणों में हड़कंप मचा दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।एसीपी का कहना है कि जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




### उत्तरांचल जनकल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

# सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन, समाजहित और सांस्कृतिक संरक्षण पर रहेगा फोकस

मनस्वी वाणी, संवाददाता





**गाजियाबाद।** नंदग्राम स्थित उत्तरांचल भवन में रविवार को उत्तरांचल सदस्य एवं जनकल्याण समिति (पंजी.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कैप्टन (सेवानिवृत्त) शंकर सिंह रावत को संरक्षक, सुरेश डोभाल को अध्यक्ष, गबर सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष, धन सिंह रावत को महासचिव, सुरजीत पुंडीर को सचिव तथा रविंदर सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं राम सिंह नेगी एवं मंगल सिंह नेगी को प्रशासनिक सचिव, सुरेश नेगी को लेखा निरीक्षक तथा श्रीमती सीमा खंतवाल को सांस्कृतिक सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

महिला संगठन में श्रीमती गीता नेगी को उपाध्यक्ष और श्रीमती रजनी बंदूनी को सचिव बनाया गया। इसके अलावा समिति के प्रवक्ता पद पर बालम सिंह बिष्ट को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान सभी नवनिर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नई कार्यकारिणी समाज में एकता, सहयोग, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास जताया कि समिति समाज सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी

## मनस्वी वाणी तीसरी नजर

- एम.जे. चौधरी



### एक जमाना था जब अधीनस्थ पुलिस कर्मचारी पुलिस के अधिकारी के नाम लेने से ही डर जाते थे, अब पुलिस के अधिकारियों को थाना प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी कुछ नहीं मानते? आखिर क्यों

*जैसे-जैसे जमाना तेजी से हाईटेक हो रहा है, ऐसे ही क्राइम का ग्राफ भी लगातार बढ़ता जा रहा है, पहले युग में गिनती के क्राइम हुआ करते थे, मगर अब क्राइम की भी नई-नई उपज देखने को मिल रही है, कभी छोटी-मोटी चोरी होने से पुलिस कर्मचारी अपने अधिकारी के डर के कारण काफी व्याकुल रहते थे, मगर आज के इस हाईटेक युग में चोरी तो छोड़ो लूट की बड़ी घटना हो जाए,बड़ा विवाद हो जाए, हत्या हो जाये या कुछ भी ऐसी बड़ी घटना दुर्घटना हो जाए, अब पुलिस के कर्मचारी अपने अधिकारी से डरना तो दूर घटनास्थल पर जाना भी गवारा नहीं समझते, यह चेंजिंग कुछ समय से काफी चलन में देखी जा रही है। पुलिस सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि पुराने युग में देखा जाता था कि क्राइम की घटना पर थाना अध्यक्ष लेकर चौकी इंचार्ज तक आनन-फानन में घटना का मुआयना करते थे और अधिकारी के पहुंचने से पहले ही किसी तरह मामले को मैनेज करने का कार्य किया करते थे। अधिकारी के पहुंचने के बाद मामले के खुलासे के लिए पूरी तन मन के साथ पुलिस की टीम वर्किंग में जुट जाती थी। अगर किसी ने पुलिस को कोई काम बता दिया तो वह भी आसानी से हो जाता था, यानी कि कहीं ना कहीं आम जनता मीडिया कर्मी और पुलिस के अधिकारियों में बेहतरीन समन्वय था। जिससे घटना दुर्घटना को मीडिया कर्मी भी बड़ा बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत नहीं करते थे। मगर आज के इस युग में माहौल बदला बदला सा नजर आ रहा है। घटना बड़ी हो या छोटी अब थाना अध्यक्ष से लेकर चौकी प्रभारी तक को घटना होने पर कोई फर्क नहीं पड़ता, यानी कहीं ना कहीं जो मन में अधिकारियों के द्वारा सस्पेंड या लाइन हाजिर होने का डर हुआ करता था। अब वह दिल और दिमाग से निकल चुका है। सूत्रों के अनुसार इसका भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। क्योंकि थाना अध्यक्ष से लेकर चौकी इंचार्ज तक सब कहीं ना कहीं सैटिंग और जुगाड़ के चलते अपनी सीट पर सिक्का जमा कर बैठे हैं । ऐसे कई थाना इंचार्ज व चौकी इंचार्ज भी भी वर्तमान में देखे जा रहे हैं, जो अधिकारियों की सुनते भी नहीं है, या यूं कहे की अधिकारी उनकी गलती को भी नजरअंदाज कर देते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कई थाना क्षेत्र में बड़ी-बड़ी घटनाएं देखने को मिली, मगर अधिकारी शांत स्वभाव के रहते हुए घटना के खुलासे का प्रयास करते रहे, किसी तरह की कोई बड़ी हिदायत जो पहले घटना या दुर्घटना होने पर सीधा लाइन का रास्ता दिखाया जाता था। जिससे कानून व्यवस्था बेहतर बनी रहती थी और पुलिस कार्यप्रणाली अच्छी मानी जाती थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों में अपने अधिकारियों का लापरवाही बरतने पर पूरा डर और भय नजर आता था। क्योंकि एक घटना पर ही सीधा लाइन का रास्ता दिखाया जाता था। अब घटना दर घटना हो जाए पर डर और भय नाम की चीज नहीं होती और पुलिस कर्मचारियों से लेकर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी खुलकर खेलते हुए नजर आते हैं, यानी कि उन्हें अपने अधिकारियों का कोई डर नहीं होता, आम जनता की शिकायत का कोई संज्ञा नहीं लिया जाता, यानी कहीं ना कहीं अगर अधिकारी के समक्ष कोई शिकायत भी दी जाए तो वह सिर्फ जांच के नाम पर इधर से उधर ही घूम कर खत्म हो जाती है। पहले एक शिकायत पर सीधा थाना अध्यक्ष से लेकर चौकी चार्ज तक और पुलिस कर्मचारियों की जवाबदेही तय होती थी और लापरवाही पर लाइन का रास्ता दिखाया जाता था। इसका भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है, क्योंकि जुगाड़ और सैटिंग का चलन अब पहले के मुकाबले ज्यादा चल रहा है। कभी-कभी तो देखा जाता है कि थाना अध्यक्ष से लेकर चौकी प्रभारी और पुलिस कर्मचारी अपने उच्च अधिकारियों को एक बड़ा फोन करा देते हैं, जिससे व्यवस्था बेहतर बनी रहे और मनमर्जी पोस्टिंग पर तैनाती हो जाए, फिलहाल जिस तरह के हालात पुलिस विभाग में चल रहे हैं। उससे कहीं ना कहीं पुलिस कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं।*

## नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर का हुआ सम्मान



सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत ने दी शुभकामनाएं

मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर के आवास पर पहुंचकर सहकारी क्रय-विक्रय समिति गाजियाबाद के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर वीरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि नवाब सिंह नागर के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा क्षेत्र में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और कुशल नेतृत्व से संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ेगा। नवाब सिंह नागर ने शुभकामनाओं के लिए वीरेन्द सारस्वत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा कार्यकताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान मौजूद कार्यकताओं ने भी नवाब सिंह नागर का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारी तेज

### एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने डीवीएफ, रेड क्रॉस व सेवा संस्थाओं के साथ की समन्वय बैठक

मनस्वी वाणी, संवाददाता



**गाजियाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) जियाउद्दीन अहमद ने रविवार को नंदग्राम स्थित शांति फार्म हाउस में डिजिटल वॉलंटियर फोर्स (डीवीएफ), रेड क्रॉस, कांवड़ सेवा शिविर संचालकों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक की।

बैठक में एसीपी ने कांवड़ यात्रा को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए सभी स्वयंसेवकों और संस्थाओं से समन्वय के साथ कार्य करने तथा संयम, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कांवड़ियों की सहायता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान पुलिस और सामाजिक संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल से श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

बैठक में डिजिटल वॉलंटियर फोर्स, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी तथा विभिन्न कांवड़ सेवा शिविर संचालित करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और यात्रा के दौरान हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने पिछले वर्षों में कांवड़ यात्रा के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए रेड क्रॉस और डिजिटल वॉलंटियर फोर्स की सराहना करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस वर्ष भी सभी संस्थाओं से इसी प्रकार के सहयोग और समर्पण की अपेक्षा है, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## वृंदावन से लौट रहे दो दोस्तों की हादसे में मौत

ग्रेटर नोएडा (मनस्वी वाणी)। दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर होडल के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और करीब 15 फीट उछलकर दूसरी लेन में जा गिरी। हादसे में ग्रेटर नोएडा के दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरी कार में सवार एक महिला भी घायल हो गई। पुलिस के अनुसार गौतमबुद्ध नगर के दादरी निवासी 19 वर्षीय हिमांशु शनिवार रात करीब आठ बजे अपने दोस्तों निशांत निवासी सूरजपुर, शिवम निवासी जुनपत, एक अन्य निशांत और लक्की निवासी सादोपुर के साथ कार से वृंदावन और कोकिलावन शनिदेव के दर्शन के लिए निकले थे। रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे दर्शन कर वापस लौटते समय होडल थाना क्षेत्र में उनकी काररथ्रीील´८ अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार के कारण कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही एक कार पर जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि हिमांशु और निशांत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में शिवम, दूसरे निशांत और लक्की गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला नागरिक अस्पताल पलवल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हिमांशु और निशांत को मृत घोषित कर दिया।

## मोरटा में के.सी. त्यागी का भव्य स्वागत, बड़ी संख्या में लोगों ने थामा रालोद का दामन

### संसदीय बोर्ड के चेयरमैन बनने पर हुआ अभिनंदन, संगठन मजबूती और किसान हितों पर दिया जोर

मनस्वी वाणी, संवाददाता





**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के वरिष्ठ नेता एवं संसदीय बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन तथा पूर्व सांसद के.सी. त्यागी के मोरटा गांव आगमन पर रविवार को भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं और रालोद पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कई सामाजिक कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिदत्त त्यागी ने की, जबकि संचालन अरुण भुल्लन और अक्षय त्यागी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए के.सी. त्यागी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने ईमानदार और किसान हितैषी राजनीति की मिसाल कायम की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी उसी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने जयंत चौधरी को शिक्षित, दूरदर्शी और युवा नेतृत्व बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग रालोद से जुड़ रहे हैं।

के.सी. त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने के.सी. त्यागी के लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और संसदीय बोर्ड के चेयरमैन बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोकदल और अधिक सशक्त होगा।

समारोह के दौरान मंजीत चौहान, अजय वालिया, अनिल शर्मा, दिलीप कुमार रक्षित, डी.के. त्यागी, प्रशांत त्यागी, गजराज, मुरारी लाल शर्मा, धनंजय श्रीवास्तव, मितेश मल्होत्रा और ओम प्रकाश झा सहित अनेक सामाजिक कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने सभी नवसदस्यों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ अमरजीत सिंह बिड्डी, अजयपाल प्रमुख, अजयवीर एडवोकेट, योगेंद पतला, सतीश राठी, रवीन चौहान, इंद्रपाल, नीरज सहरावत, तोहिद आलम, रईस कुरैशी, मोहम्मद जुनैद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा किसान हितों और सामाजिक समरसता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## संजय नगर में 'ब्राह्मण जनकल्याण समिति' का गठन, शिवेंद्र अवस्थी बने अध्यक्ष

### गरीब कन्याओं के विवाह, विधवा महिलाओं के स्वावलंबन और समाज सेवा पर रहेगा विशेष फोकस

मनस्वी वाणी, संवाददाता



**गाजियाबाद।** संजय नगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर (शिव मंदिर परिसर), ए-ब्लॉक में रविवार को ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी उमाकांत शर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समाज सेवा एवं सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से ₹ब्राह्मण जनकल्याण समितिर के गठन की घोषणा की गई तथा शिवेंद्र अवस्थी को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बैठक में समिति के संस्थापक के रूप में अनिल कुमार कौशिक, मार्गदर्शक अमर दत्त शर्मा तथा संरक्षक मंडल में आर.एस. शर्मा, उमाकांत शर्मा एवं बृजमोहन शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष घोषित होने के बाद शिवेंद्र अवस्थी का उपस्थित लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभा में समिति के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि संगठन गरीब एवं जरूरतमंद ब्राह्मण परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग करेगा, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उत्थान के लिए कार्य करेगा तथा विधवा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करेगा।

नवनियुक्त अध्यक्ष शिवेंद अवस्थी ने वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा कार्यों को गति देगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता, सहयोग और सम्मान की भावना को मजबूत करते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देना होगा। बैठक में अनिल कुमार कौशिक, अमर दत्त शर्मा, आर.एस. शर्मा, उमाकांत शर्मा, बृजमोहन शर्मा, महेंद्र प्रसाद शर्मा, परमेंद त्रिपाठी, पूर्व पार्षद कपिल वशिष्ठ, सचिन शर्मा, योगेश शर्मा, रघुराज शर्मा पाराशर, विष्णु शर्मा, सुखवंत लाल शर्मा, संजीव शर्मा, राहुल गोस्वामी, जे.पी. शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, पंकज शर्मा, डॉ. गौरव कौशिक सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज सेवा के संकल्प को दोहराया।

## अल्पसंख्यक समाज को आबादी के अनुपात में मिले प्रतिनिधित्व : सलीम अहमद (सैफी)



गाजियाबाद(मनस्वी वाणी)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश प्रभारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान सलीम अहमद (सैफी) ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों की भागीदारी की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि इसी विचारधारा के अनुरूप उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन में अल्पसंख्यक समाज को उसकी आबादी के अनुपात में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर जल्द ही गाजियाबाद के विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के प्रमुख प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रभारी राजेंद पाल गौतम से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि कांग्रेस नेतृत्व सामाजिक समरसता और सभी वर्गों की भागीदारी की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय करेगा।

email : manasvivani@gmail.com

दैनिक मनस्वी वाणी

गाजियाबाद, सोमवार, 20 जुलाई, 2026

।। सद्विचार ।।

"काम वह वस्तु नहीं है जिससे किसी व्यक्ति की पराजय होती है, वास्तव में वह वस्तु चिंता है।
- हेनरी वार्ड बीचर

# संपादकीय

सम्पादकीय | मनस्वी वाणी

## गरीब मरीजों की अनदेखी कब तक?

चिकित्सा पेशे की सबसे बुनियादी और प्राथमिक शर्त यही होनी चाहिए कि एक चिकित्सक किसी घायल व्यक्ति का बिना किसी औपचारिकता की मांग किए तुरंत इलाज करे और सबसे पहले उसका जीवन बचाने की कोशिश करे। विडंबना यह है कि कई बार अस्पताल और वहां मौजूद डाक्टर घायल मरीज को तुरंत उपचार मुहैया कराने के बजाय टालमटोल करते हैं या फिर मना कर देते हैं। नतीजतन, सिर्फ इलाज न मिलने की वजह से बच सकने वाले व्यक्ति की भी मौत हो जाती है।

सवाल है कि ऐसी स्थिति में पीड़ित की मौत के लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। गौरतलब है कि बीते मार्च में बलात्कार की शिकार हुई महज चार साल की एक बच्ची को बुरी तरह घायल अवस्था में गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन वहां उसे भर्ती करने से मना किया



गया। आखिरकार इसी वजह से उसकी जान चली गई। सवाल है कि जघन्य अपराध का शिकार हुई पीड़ित बच्ची को तुरंत उपचार मुहैया कराना डाक्टरों ने जरूरी क्यों नहीं समझा? ऐसे में बच्ची की मौत के लिए आखिर उन अस्पतालों और वहां मौजूद डाक्टरों को भी जिम्मेदार क्यों नहीं माना जाए?

इस मामले में बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों और डाक्टरों को कड़ी फटकार लगाते हुए तल्ख टिप्पणी की कि अगर आप अपनी ड्यूटी नहीं निभा सकते, तो आपको डाक्टर कहलाने का कोई हक नहीं है। अदालत ने यह भी पूछा कि क्या आपने इसलिए नजरअंदाज किया कि पीड़ित बच्ची गरीब थी और आपकी फीस नहीं दे सकती थी? शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी इस घटना के बहाने बड़े फलक के सवाल उठाती है।

यह शिकायत आम है कि निजी अस्पतालों में किसी मरीज के इलाज के बजाय पैसे को ज्यादा अहमियत दी जाती है और गरीब तबकों के लोगों को वहां उपेक्षा या खराब व्यवहार का सामना करना पड़ता है। मगर बलात्कार जैसे गंभीर अपराध का शिकार और घायल होने की स्थिति के बावजूद अगर बच्ची का इलाज करने से मना किया गया, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन अस्पतालों के प्रबंधक और डाक्टर कितने संवेदनहीन रहे होंगे। चिकित्सा पेशे से जुड़े सभी लोगों और संस्थानों को सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में अपनी ड्यूटी और उपयोगिता के बारे में ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ विचार करने की जरूरत है।

संघ की शताब्दी यात्रा

## संघ की जीवंत परम्परा की सूरत सत्य के आईने में



ललित गर्ग
लेखक



मनस्वी वाणी

सृजन में शोर नहीं होता। साधना के जुबान नहीं होती। किंतु सिद्धि में वह शक्ति होती है कि हजारों पर्वतों को तोड़कर भी उजागर हो उठती है। यह कथन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अक्षरशः सत्य सिद्ध होता है। संघ अपने स्थापना के सौवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा बोया गया एक छोटा-सा संगठनात्मक बीज आज भारतीय समाज के सबसे व्यापक स्वयंसेवी संगठनों में विकसित हो चुका है। इन सौ वर्षों में संघ ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे-स्वतंत्रता आंदोलन का दौर, देश का विभाजन, प्रतिबंध, आपातकाल, सामाजिक परिवर्तन, वैश्वीकरण, कोरोना महामारी और विकसित भारत की नई आकांक्षाएं। इन सभी चरणों में संघ ने स्वयं को केवल एक संगठन के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्र-चेतना के माध्यम के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। यही कारण है कि संघ की शताब्दी केवल किसी संगठन की यात्रा का उत्सव नहीं, बल्कि इस सार्थक एवं राष्ट्र-निर्माण की विचार-यात्रा का मूल्यांकन भी है। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रकाशित ह्यआरएसएस एट 100: एक सदी संकल्प कीह्न अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तक बनकर सामने आती है। प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित इस कृति के लेखक श्याम जाजू और अनुपम त्रिवेदी हैं। लेखक द्वय की इस पुस्तक में संघ के अतीत एवं भविष्य की विवेचना करते हुए भारत एवं नया भारत निर्मित करने में उसकी भूमिका को उजागर किया है और उसके इतिहास में सच्चाई के प्रतिबिम्बों को उभारने पर बल दिया है। संघ के इतिहास को धूमिल किया गया, धुंधलाया गया है, अन्यथा संघ का इतिहास दुनिया के लिये एक प्रेरणा है, अनुकरणीय है। क्योंकि संघ एक ऐसा शांति-अहिंसामय संगठन है, जो हर मोड पर निरंतरता लिये हुए सृजनात्मक बना रहा है। इसी निरंतरता में संघ की पहली शताब्दी का महत्व निहित है और शायद अगली शताब्दी के संकल्पों की दिशा भी।

सम्पूर्ण दुनिया भारत की ओर देख रही है, उसमें विश्व गुरु की पात्रता निरन्तर प्रवहमान रही है, हमने कोरोना महामारी के एक जटिल एवं संघर्षमय दौर में दुनिया के सभी देशों के हित-चिन्तन का भाव रखा, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास मंत्र के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबित किया कि वसुधैव कुटुम्बकम- दुनिया एक परिवार है, का भारतीय दर्शन ही मानवता का उजला भविष्य है। इसी विचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगे बढ़ रहा है, वह एक अनोखा और दुनिया का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। यह भारतीय राष्ट्रवाद की सबसे मुखर, सबसे प्रखर आवाज है। देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता उसका मूल उद्देश्य है। जैसे-जैसे संघ का वैचारिक, सांस्कृतिक, सामाजिक प्रभाव देश और दुनिया में बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हिंदुत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पित इस संगठन के बारे में जानने और समझने की ललक लोगों के बीच बढ़ती जा रही है। इस विशाल संगठन के विभिन्न विषयों पर विचार तथा इसकी कार्यप्रणाली से आमजन परिचित होना चाहते हैं। जाजू एवं त्रिवेदी की पुस्तक संघ से जुड़ी जिज्ञासाओं का प्रभावी, प्रासंगिक एवं तथ्यपरक विवेचन करती है। एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन होते हुए भी संघ ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी यह पुस्तक पढ़ना आवश्यक है। भारत का विश्वगुरु के रूप में अभ्युदय एक महत्वपूर्ण प्रश्न रहा जिसकी विवेचना लेखक ने समग्र रूप से प्रस्तुत पुस्तक में की है, जो संघ के शताब्दी वर्ष की आयोजना का मूल केन्द्र है। इस महत्वपूर्ण पुस्तक का लोकार्पण भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में किया। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय तथा अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति ने इसे केवल पुस्तक-विमोचन तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि संघ की शताब्दी यात्रा पर एक राष्ट्रीय विमर्श का स्वरूप प्रदान किया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने संघ-इतिहास से जुड़ी अनेक नये सन्दर्भों एवं बातों को विवेचित करते हुए कहा कि किस तरह से संघ पिछले सौ वर्षों से राष्ट्र और समाज की सेवा कर रहा है, किंतु उसके बारे में आज भी अनेक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह मौजूद हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक उन भ्रमों को दूर करने और संघ के वास्तविक स्वरूप को समझने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह टिप्पणी इस पुस्तक की मूल आत्मा भी है, क्योंकि इसका उद्देश्य केवल संघ का गुणगान करना नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक यात्रा, संगठनात्मक विकास, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भविष्य की दिशा को तथ्यपरक ढंग से सामने रखना है। इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह संघ को केवल अतीत के संदर्भ में नहीं देखती, बल्कि विकसित भारत-2047, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता, सेवा, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक भारत की उभरती भूमिका के साथ जोड़कर उसका विश्लेषण करती है। इसलिए यह केवल संघ के इतिहास का दस्तावेज नहीं, बल्कि नए भारत के वैचारिक विमर्श का भी एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। पुस्तक का स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा अध्याय विशेष रूप से उल्लेखनीय है। लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि संघ का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था। पुस्तक इस धारणा का ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर प्रतिवाद करती है। इसमें डॉ. हेडगेवार की स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका, उनके कारावास, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा क्रांतिकारियों को सहयोग तथा विभाजन के समय राहत और सुरक्षा कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। पुस्तक का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें संघ को राजनीति से जोड़कर देखने की सीमित दृष्टि का विस्तार किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि संघ स्वयं राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों का निर्माण करने वाला संगठन है। शिक्षा, ग्राम विकास, पर्यावरण, सेवा, संस्कृति, श्रमिक संगठन, छात्र आंदोलन, महिला सशक्तीकरण, अनुसूचित वर्गों के उत्थान तथा आपदा राहत जैसे अनेक क्षेत्रों में संघ प्रेरित संगठनों की भूमिका का विस्तृत परिचय दिया गया है। विशेष रूप से सेवा कार्यों का विवरण इस पुस्तक की आत्मा है। कोरोना महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, सीमावर्ती क्षेत्रों, वनवासी समाज तथा अभावग्रस्त वर्गों के बीच संघ और उसके स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों को तथ्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि संघ का सेवा कार्य केवल संकट के समय तक सीमित नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक साधना है।

पुस्तक में संघ से जुड़े अनेक मिथकों और विवादों पर भी खुलकर चर्चा की गई है। हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, जाति व्यवस्था, आरक्षण, महिलाओं की भूमिका, अल्पसंख्यकों के प्रति दृष्टिकोण तथा लोकतंत्र के प्रति संघ की प्रतिबद्धता जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया है। विशेष रूप से राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता का विवरण उन धारणाओं को चुनौती देता है कि संघ में महिलाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। पुस्तक का एक आकर्षक अध्याय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को संघ की वैचारिक दृष्टि से देखता है। वैचारिक दृष्टि से देखें तो पुस्तक बार-बार इस तथ्य को रेखांकित करती है कि संघ का मूल उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि चरित्रवान नागरिकों का निर्माण है। संघ के अनुसार राष्ट्र निर्माण का आधार व्यक्ति निर्माण है। शाखा इसी उद्देश्य की प्रयोगशाला है, जहां अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक समरसता का अभ्यास कराया जाता है। यही कारण है कि पुस्तक बार-बार यह स्थापित करती है कि स्वयंसेवक ही संघ का वास्तविक परिचय है। निस्सदेह किसी भी वैचारिक पुस्तक की तरह इस पुस्तक को भी विभिन्न दृष्टिकोणों से पढ़ा जा सकता है। आलोचक इसके कुछ निष्कर्षों पर असहमति व्यक्त कर सकते हैं, जबकि समर्थकों को इसमें अपने विचारों का प्रामाणिक आधार मिलेगा। किंतु इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पाठक को पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर संघ को उसके अपने संदर्भों में समझने का अवसर देती है। यही किसी भी गंभीर वैचारिक पुस्तक की सफलता होती है। संघ के विषय में पहले भी अनेक महत्त्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जिनमें ह्यराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 100 वर्ष, कृति रूप संघ दर्शन, ह्यराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली अग्निपरीक्षा, तथा सुनील आंबेकर की चर्चित कृति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र उल्लेखनीय हैं। इन कृतियों की परंपरा में आरएसएस एट 100ह्न अपनी समकालीन प्रस्तुति, व्यापक शोध और संतुलित संरचना के कारण विशिष्ट स्थान प्राप्त करती है।

मनस्वी वाणी

## एकहिं साधे सब सधे

एक साध लो तो सब सध जाता है, जैसे जड़ का सिंचन करो तो तने, पत्ते, डालियां सब हरे-भरे रहेंगे, खूब फल-फूल लगेंगे। ध्यान हमारे व्यक्तित्व की जड़ों की सिंचाई है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि हमारे व्यक्तित्व की जड़ ऊपर की ओर है-

उर्ध्वमूलम् अधः शाखम् अश्वात्थम् प्राहुरव्यम् ।। हमारे जीवन की जड़ शरीर में नहीं है, मन में है, भाव में है।

इसी जड़ के सिंचन का नाम ध्यान है। स्वीकार्यता, श्रद्धा, प्रार्थना

इसी जड़ को सींचने की प्रक्रियाएं हैं। जड़ सींची जाती है तो जीवन फलता-फूलता है। ध्यान के माध्यम से हम अपनी जड़ों को सींचना शुरू करते हैं। ध्यान को अपनाकर हम जड़ों को सींचने की शुरूआत करते हैं और इसमें हमारी जड़ों का सिंचन होता है अमृत रस से । जीवन में हम प्रायः शिकायत करते हैं कि हम अशांत हैं, हम विपन्न हैं, निर्धन हैं, गरीब हैं। हम दुखों की शिकायत करते हैं, पीड़ाओं की शिकायत करते हैं, लेकिन हमारे जीवन में ये जो दुख, पीड़ा, निर्धनता व अप्रसन्नता है, इनके कारण हम स्वयं हैं। कहीं हमने अपने व्यक्तित्व में ऐसे अवरोध पैदा कर रखे हैं, जिनके कारण वो प्रकाश, वो अमृत, वो संपन्नता हम तक पहुंच नहीं पा रहे हैं, जो हमारे लिए जरूरी हैं। ध्यान इन्हीं अवरोधों से मुक्ति का एक उपाय है।

हमें अपने जीवन के इन अवरोधों को हटाना है। हम इन्हें हटा सकते हैं, क्योंकि हमारी पीड़ा के परेशानियों के बीज हमारे अंदर हैं। किसान खेती के लिए बीज तैयार करते हैं और खेत भी तैयार करते हैं। जोताई करते हैं, खरपतवार निकालते हैं, घास निकालते हैं, मिट्टी को भुरभुरी, मुलायम करते हैं और मिट्टी के तैयार हो जाने पर फिर बीज बोते हैं। फिर प्रकृति से प्रार्थना करते हैं जल की, हवा की, धूप की और फिर फसल लहलहाती है। ध्यान में भी हम ऐसा ही करते हैं। बार-बार मन को, बार-बार भावनाओं को संवारते हैं। इस तरह ध्यान संपूर्ण रूप से हमारे सूक्ष्मशरीर की साधना है। ध्यान के द्वारा हम सूक्ष्मशरीर तैयार करते हैं, इसे ऊर्जावान बनाते हैं, प्रकाशपूर्ण बनाते हैं। हम प्रायः अपना संबंध जोड़ते हैं, कुल से, खानदान से, पूर्वजों से गौरवान्वित होते हैं कि हमारे दादाजी ऐसे थे, दादा के दादा जी ऐसे थे, उस कुल में हमने जन्म लिया है। एक हमारा कुल और भी है आत्मदर्शी लोगों का कुल। एक हमारा गोत्र और भी है, ऋषियों का गोत्र। हम गौतम गोत्र के हैं, वसिष्ठ गोत्र के हैं। इस तरह हम पवित्र पुरुषों से, पूर्वपुरुषों से संबंध रखते हैं और उन संबंधों के साथ हमको अद्भुत अनुभूति होती है, विचित्र अनुभूति होती है। हमारे अंदर एक स्वाभिमान, सामर्थ्य जागता है कि हम उस कुल से हैं। ध्यान प्राप्ति है। हमारे जीवन में विष बहुत है और अमृत्व की कमी है। हम जीवन जीते समय जीवन के सामान्य कार्य करते समय क्या करते हैं कहीं न कहीं उद्वेग, विक्षोभ, द्वंद्व से, क्रोध से हम विष का संचय करते हैं। इस विष का निराकरण भी तो होना चाहिए।

ध्यान हमारे जीवन में अमृत सिंचन है, इसमें जीवन के विष का शमन है। इस ध्यान से हम ऐसी प्रगाढ़ कल्पना करते हैं कि सब ओर से हमारे ऊपर अमृत बरस रहा है। अब तो शोधपत्रों व वैज्ञानिकों द्वारा यह प्रमाणित हो चुका है कि जो व्यक्ति जितना तनावमुक्त रहता है, हँसता-खिलखिलाता है व सकारात्मक रहता है ऐसे लोगों के रोगमुक्त होने, स्वस्थ होने की संभावना ज्यादा होती है। जीवन में जितनी महत्ता हमारे कार्यों की है, उतना ही महत्व हमारे चिंतन का, हमारी सोच का व हमारे सुविचारों का भी है।

एकहि साधे सब सधे, सब साधे सब जाय। रहिमन मूलहि सींचिए, फूलहिं फरहिं अघाय ।।

अखंड ज्योति

## बुरे वक्त में असली रिश्ते की पहचान...

बुरे वक्त में असली रिश्ते और दोस्त पहचाने जाते हैं जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो हर कोई साथ होता है लेकिन जब तूफान आता है तब वही लोग खड़े रहते हैं जो सच में मायने रखते हैं ज़िंदगी में उतार चढ़ाव तो आते रहते हैं आज किसी का बुरा वक्त है जो इंसान मुश्किल में साथ देता है वो सिर्फ. मदद नहीं करता वो इंसानियत जिंदा रखता है कभी कभी सिर्फ. सुनना और मैं हूं ना कह देना भी बहुत बड़ा सहारा बन जाता है किसी को सुनने से ज्यादा उसे समझने की कोशिश कीजिए क्योंकि हर कोई उतना कह नही पाता जितना वो महसूस करता है रास्ते जितने कठिन होंगे जीत का परचम उतना ही बुलंद होगा दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं एक वो जो बनी बनाई लीक पर चलते हैं और दूसरे वो जो अपनी किस्मत की लकीरें खुद खींचते हैं जो इंसान अपने भीतर संतोष का दीप जलाना सीख लेता है उसे संसार की चमक दमक आकर्षित नहीं करती सच्चा सुख बाहर नहीं अपने शांत और जागरूक मन में मिलता है।

मनस्वी वाणी



विनोद जिंदल
समाजसेवी

## सांप के जहर के नीलामी

मनस्वी वाणी

सांप अपनी दो भागों में विभाजित जीभ की सहायता से आसपास की गंध और शिकार की दिशा का पता लगाता है। भगवान शिव ने उसे अपने गले में धारण किया है, क्षीरसागर में भगवान विष्णु उसी को अपनी शय्या बनाकर विश्राम करते हैं। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जन्मकुंडली में जब सभी ग्रह छाया ग्रह राहु और केतु के एक ही ओर आ जाते हैं, तब कालसर्प योग बनता है। किसी व्यक्ति पर विश्वास किया हो और वही विश्वासघात कर दे, तो उसकी तुलना भी सांप के डंक से की जाती है। सांप के बारे में अनेक कहावतें, मान्यताएं और भ्रांतियां प्रचलित हैं। हम बात कर रहे हैं सांप की, जिसकी दुनिया में 3,000 से अधिक और भारत में 250 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। सांप जितना हमें आकर्षित करता है, उतना ही उससे डर भी लगता है। शायद ही कोई दूसरा जीव मनुष्य को सांप जितना आकर्षित करता हो। इसका मुख्य कारण सांप से जुड़ी अनेक दंतकथाएं हैं। आइए, आज सांप से जुड़ी कुछ जानी-अनजानी बातें जानते हैं।

सांप के अनेक दांत होते हैं, जो लगातार घिसते रहते हैं और उनकी जगह नए दांत निकलते रहते हैं। विषैले सांपों के आगे के दांत खोखली नली जैसे होते हैं, जो विषग्रंथियों से जुड़े रहते हैं।

सांप के बाहरी कान नहीं होते, लेकिन जमीन से टकराकर आने वाली ध्वनि तरंगें उसके निचले जबड़े तक पहुंचती हैं और वही उसकी श्रवण शक्ति का कार्य करती हैं।

सांप अपने शिकार को चबाता नहीं, बल्कि पूरा का पूरा निगल जाता है और फिर धीरे-धीरे उसे पचाता है। सांप की कुछ प्रजातियां मगरमच्छ जैसे बड़े जीवों को भी निगल सकती हैं।

जिस प्रकार शरीर का आकार बढ़ने पर हम पुराने कपड़े छोड़कर नए पहनते हैं, उसी प्रकार सांप भी समय-समय पर अपनी पुरानी केंचुल उतार देता है। उसकी त्वचा की ऊपरी परत कठोर हो जाती है और उसके नीचे नई परत बन जाती है। केंचुल उतारने के लिए सांप अपने शरीर को किसी खुरदुरी सतह पर रगड़ता है। इससे उसकी पुरानी त्वचा में दरार बन जाती है और वह उस पुराने आवरण से बाहर निकल आता है। इस प्रक्रिया को केंचुल छोड़ना कहा जाता है।

सांप अपनी दो भागों में बंटी जीभ से आसपास की गंध और शिकार की दिशा का पता लगाता है।

सांप के जबड़े अत्यंत लचीले होते हैं, इसलिए वह अपने सिर से भी बड़े शिकार को निगल सकता है।

पैर न होने के बावजूद सांप बहुत तेज गति से चल सकता है। ब्लैक मांबा की गति 19 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि एक ओर से सरकने वाला रैटलस्नेक 29 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार हासिल कर सकता है।

प्राकृतिक रूप से सांप फुर्तीला, सतर्क, शांत और डरपोक प्राणी है। वह जहां तक संभव हो, मनुष्य से दूर ही रहता है। यदि उसे छेड़ा जाए, तब भी सामान्यतः वह भागने का प्रयास करता है, लेकिन जब हमला अधिक तीव्र हो जाता है, तब वह पलटकर काटने की कोशिश करता है। उसके काटने के निशानों से यह पता लगाया जा सकता है कि वह विषैला था या नहीं।

हमारे यहां कई गलत धारणाएं प्रचलित हैं, जैसे सांप उड़ सकता है, दूध उसका प्रिय भोजन है, उसकी आयु 100 वर्ष होती है, नर या मादा सांप का जोड़ा बदला अवश्य लेता है, उसके सिर पर मणि होती है, वह बीन या बांसुरी की धुन पर नाचता है, वह इच्छाधारी होता है और मनुष्य का रूप धारण कर सकता है।

दक्षिण अमेरिका में पाया जाने वाला विशालकाय सांप एनाकोंडा ऐसा होता है, जिसमें मादा, संयोग के बाद नर को ही खा जाती है।

सांप पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऊर्जा श्रृंखला में सांप सहित सभी जीवों का अपना अनिवार्य स्थान है। सांप अनेक प्रकार के जीवजंतुओं और पक्षियों का शिकार करके उनकी संख्या नियंत्रित रखता है। वह मुख्यतः प्रोटीनयुक्त आहार ग्रहण करने वाला जीव है और अनेक प्रजातियों का शिकार करता है। खेती की भूमि में सांप एक प्राकृतिक कीटनाशक की तरह कार्य करता है। पर्यावरण के अनुकूल कृषि में चूहे तथा अन्य हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करने में सांप महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सांप के काटने के बाद मृत्यु कितने समय में होगी, इसका कोई निश्चित समय नहीं है। सामान्यतः कामन क्रेट के काटने पर लक्षण 1 से 6 घंटे के भीतर दिखाई देने लगते हैं। यदि समय पर उपचार न मिले तो सांस लेने में गंभीर कठिनाई हो सकती है और कुछ मामलों में 6 से 24 घंटे के भीतर मृत्यु भी हो सकती है। इसके अलावा भारत में पाए जाने वाले इंडियन कोबरा, रसेल्स वाइपर और किंग कोबरा के काटने पर तुरंत डाक्टर के पास जाकर उपचार कराना आवश्यक है।

सभी सांपों में सबसे अधिक खतरनाक और विषैला सांप सॉ-स्केल्ड वाइपर माना जाता है। यह पश्चिमी एशिया के कुछ भागों के अलावा अफ्रीका और एशिया के कई देशों में पाया जाता है। मैक्सिको में सांपों की लगभग 438 प्रजातियां पाई जाती हैं। इस देश के कुछ क्षेत्रों में सांपों की संख्या इतनी अधिक है कि औसतन हर दस फुट पर एक सांप मिल जाता है। केवल मैक्सिको में ही रैटलस्नेक की 20 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं।

गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में स्थित सर्प अनुसंधान केंद्र में एंटीस्नेक वेनम (सर्पदंश प्रतिरोधी सीरम) तैयार किया जा रहा है। इससे सर्पदंश से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। इस केंद्र में गुजरात में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों के 471 सांप रखे गए हैं।

सर्पदंश की दवा तैयार करने के लिए सांप के विष की विशेष नीलामी भी की जाती है। इसमें विष की कीमत 44 हजार रुपए से 56 हजार रुपए प्रति ग्राम तक मिलती है।

वीरेंद्र बहादुर सिंह
जेड-436ए, सेक्टर-12,
नोएडा-201301 (उ.प्र.)




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक शिल्पी सिंघल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर एफ.एफ.-47, देविका चैंबर, आरडीसी राजनगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया। संपादक शिल्पी सिंघल, कार्यकारी संपादक : संदीप सिंघल, मोबाईल नंबर: 9311450661 फोन न. 0120-4129662, 9311450661 डाक पंजीयन संख्या : UP/GBD-234/2020-22 वार्षिक शुल्क-300 रुपये, किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद के न्यायालय में ही होगा Email:-manasvivani@gmail.com website : www.manasvivani.com

# मुरादनगर क्षेत्र का विकास करने के लिए अपना अस्तित्व दाव पर लगा दिया था राज्यपाल त्यागी ने



## एक बड़ा बलिदान राजपाल त्यागी ने निर्दलीय विधायक से इस्तीफा देकर बसपा से लड़ा था उपचुनाव और जीते

### पूर्व कैबिनेट मंत्री मुरादनगर क्षेत्र के लोगो के बीच आज भी जिंदा, श्रद्धांजलि देने के लिए आई थी हजारों की भीड़

सुल्तानपुर के पूर्व प्रधान मनोज चौधरी का कहना है कि राजनीती के क्षेत्र मे कोई किसी का सगा सम्बन्धी नहीं होता लेकिन पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी सदेव मुरादनगर विधान सभा क्षेत्र के लोगो के लिए एक अभिवावक के रूप मे कार्य किया इसीलिए उनके निधन के एक साल बाद भी मुरादनगर क्षेत्र के लोग उन्हें याद करते है। मुरादनगर निवासी समाजसेवी हामिद पठान का कहना है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी को मुरादनगर विधान सभा क्षेत्र में विकास पुरुष के नाम से जाना जाता था उन्होंने कभी जाती धर्म की राजनीती नहीं की बल्कि सभी जाती धर्म के लोगो के गाँवों और शहर के वार्डो में बहुमुखी विकास कार्य करवाए थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के द्वारा कराये गए काम के चलते वह मुरादनगर क्षेत्र के लोगो के बीच आज भी जिंदा है। परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि जिस प्रकार पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी अपने काम के चलते लोगो के दिलो और दिमाग में आज भी बसे हुए ऐसा किसी और नेता के लिए होना बहुत मुश्किल पाया जाता है। उन्होंने बताया पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी ने दो बार निर्दलीय चुनाव जीत पर पूरे प्रदेश मे मुरादनगर विधानसभा का नाम रोशन किया था। विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि उनके पुत्र अजीत पाल त्यागी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री से करा कर अपने पिता को श्रद्धांजलि देने का कार्य करते हुए उन्हें हमेशा के लिए अमर करा दिया है। इतना ही नहीं उनकी श्रद्धांजलि सभा मे उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ देखने को मिली।

राशिद अली, मनस्वी वाणी

**मुरादनगर।** आज के दौर में राजनीति के क्षेत्र में एक आम आदमी ग्राम प्रधान सभासद जैसे छोटे पद से त्यागपत्र देने को तैयार नहीं होता वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी ने 2007 में निर्दलीय के रूप में चुनाव जीता था लेकिन मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अपना अस्तित्व दाव पर लगाकर विधायक पद से इस्तीफा दिया और वर्ष 2008 में बसपा से चुनाव लड़ा और 8 हजार से अधिक वोटो से विजय हुए। स्वर्गीय राजपाल त्यागी ने कभी किसी भी राजनीतिक दल को महत्व नहीं दिया बल्कि उन्होंने क्षेत्र के लोगों पर विश्वास कर किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ने थे और जीते थे यही कारण था हर पार्टी के नेता स्वर्गीय राजपाल त्यागी को घर बैठे टिकट देते थे।

कोई सभासद या प्रधान नहीं दे सकता अपने पद से इस्तीफा, ऐसा करने की हिम्मत दिखाई थी राजपाल त्यागी नेः

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी ने निर्दलीय विधायक पद से इस्तीफा देकर पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया था, जबकि छोटा सा सभासद हो या प्रधान कोई अपने पद से इस्तीफा नहीं दे सकता नहीं लड़ सकता उपचुनाव। ऐसा करने की हिम्मत केवल राजपाल त्यागी ने दिखाई थी जिन्होंने विधायक पद से इस्तीफा देकर उपचुनाव लड़ा था। राजपाल त्यागी क्षेत्र के विकास करने के लिए कांग्रेस छोड़कर बसपा सरकार में पहली बार मंत्री बने लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने अचानक विधानसभा भंग करने की घोषणा कर दी वह बसपा छोड़ सपा में शामिल हो गए और मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बना दिया था वह ग्रामीण विकास मंत्री बने और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को चारों ओर से पक्की सड़कों से जोड़



दिया गांव गांव में प्राइमरी जूनियर हाई स्कूल बनवा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए गांव गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया ।गाजियाबाद जिले में रिकॉर्ड है कि जितनी सड़के मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी ने बनवा दी आज तक भी किसी भी विधानसभा क्षेत्र में इतनी सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है।

मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने अपने पिता की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री से कराकर उन्हें हमेशा के लिए अमर कर दिया ः

यही कारण है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी का निधन हुए 1 वर्ष बीत गया है लेकिन मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के दिल और दिमाग में आज भी राज करते हैं मुरादनगर विधान सभा क्षेत्र के लोगो में उनके लिए सम्मान और स्नेह आज भी पहले जैसा ही बना हुआ है। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्र के लोगो का कहना है कि उनके लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी आज भी उनके दिलो में जिन्दा है और उनके पुत्र मुरादनगर विधानसभा से विधायक अजीत पाल त्यागी ने रावली रोड स्थित तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा बनवाकर उसका अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराकर उन्हें हमेशा के लिए अमर कर दिया है।

# नीट में सफलता पाने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान





- सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने बागू और सिद्धार्थ विहार पहुंचकर बढ़ाया छात्रों का उत्साह

मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले बागू और सिद्धार्थ विहार के मेधावी छात्र-छात्राओं का रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने उनके आवास पर पहुंचकर सम्मान किया। उन्होंने सफल छात्र हर्ष और छात्रा नीतीशा को पुष्पगुच्छ, शॉल और मिठाई भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अभिषेक गर्ग ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना कठिन परिश्रम, अनुशासन और माता-पिता के त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर इन विद्यार्थियों ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का विषय है। ऐसे प्रतिभाशाली युवा भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में समाज की सेवा करेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। होनहार विद्यार्थियों का सम्मान करने से अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। समाजवादी पार्टी शिक्षा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है और आगे भी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का सिलसिला जारी रहेगा। सम्मानित छात्र-छात्राओं ने इस प्रोत्साहन के लिए अभिषेक गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान से उनका आत्मविश्वास और बढ़ा है। उन्होंने भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर देश और समाज की सेवा करने का संकल्प दोहराया।

# रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन मजबूती और स्मार्ट गांव का संकल्प



- गाजियाबाद के गांवों को शहरों जैसी सुविधाएं दिलाने का किया वादा

मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) महानगर इकाई की ओर से रविवार को कविनगर स्थित एक सभागार में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान सक्रिय एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें रालोद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेसपाल मलिक, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, प्रदेश महासचिव मधु शर्मा, रामभरोसे लाल मौर्य, हरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंद्रजीत सिंह टीटू, रविंद्र चौहान सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता इंद्रजीत सिंह टीटू ने की, जबकि संचालन महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने किया।

मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रत्येक वार्ड और बूथ पर मजबूत संगठन खड़ा करने का आह्वान करते हुए कहा कि रालोद सभी वर्गों को समान सम्मान देने में विश्वास रखता है। उन्होंने महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी देने की वकालत करते हुए 50 प्रतिशत आरक्षण का समर्थन किया।

त्रिलोक त्यागी ने गाजियाबाद महानगर के गांवों को 'स्मार्ट विलेज' के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शहरों के बीच बसे गांवों को भी बेहतर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल महानगर के सभी गांवों के विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करेगा। साथ ही किसानों के हित, तकनीकी शिक्षा और युवाओं के रोजगार के लिए भी पार्टी प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेसपाल मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा किसान और मजदूर के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। सम्मेलन में युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रबुद्ध कुमार चौधरी, मनवीर सिंह, ऑडी त्यागी, अमित त्यागी, अभिषेक त्यागी, विजय कौशिक, संजीव अरोड़ा, दिनेश शर्मा, जयदीप सिंह, भूपेंद्र डबास, लोकेश चौधरी, योगेंद्र, वीरभान, बॉबी चौधरी, सत्येंद्र तोमर, गुड्डू मुखिया, किशन राघव, प्रदीप त्यागी, राजू गौतम, सुधीर तोमर, इंद्राणी त्यागी, दीपमाला चौधरी, कुहू कुमारी, दीपा सिरोही, सुमन अग्रवाल, नैन्सी वर्मा, नवाब वाल्मीकि, अनीता राजपूत, राहुल चौधरी, डॉ. संजय, शेर सिंह मौर्य, विपिन गुलिया, योगेश फफराना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

गाजियाबाद (म.वा.)। गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली एक युवती ने बड़ौत निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। लोनी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने बागपत के महिला थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि शादी डॉट कॉम पर उसकी जान पहचान बड़ौत क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। बताया कि इसके बाद दोनों फोन पर बात करने लगे। जिसके बाद युवक ने उसे कई बार मिलने के लिए अपने पास बुलाया। आरोप लगाया कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। कई बार उसने विरोध भी किया। आरोप है कि अब युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। वह युवक के घर पहुंची, तो उसके माता-पिता ने भी शादी करने से इंकार कर दिया और उसे घर से भगा दिया। जिसके बाद उसने लोनी थाने पर घटना की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब उसने बागपत के महिला थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सीओ बागपत शुकन्या शर्मा का कहना है कि इस प्रकार का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

# कांवड़ यात्रा में व्यापार और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

## घंटाघर, बजरिया व रमते राम रोड क्षेत्र में पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन की उठाई मांग



मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों और आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) वरुण सिंह को ज्ञापन सौंपकर यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने की मांग की।

जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल एवं जिला उपाध्यक्ष मास्टर वीरेश सिंह के नेतृत्व में एडीसीपी यातायात से मिले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान घंटाघर पुल से चौधरी मोड़ तक करीब आधा किलोमीटर के क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह और शाम भारी यातायात दबाव के कारण लंबा जाम लग जाता है। इससे स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, ग्राहकों और आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं बाजारों का कारोबार भी प्रभावित होता है।

व्यापार मंडल ने सुझाव दिया कि चौधरी मोड़ (जीटी रोड) से शहर कोतवाली के सामने स्थित रामलीला मैदान तक चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही घंटाघर क्षेत्र में केवल दोपहिया वाहन एवं ई-रिक्शा के संचालन की अनुमति दी जाए तथा उनका आवागमन रेलवे रोड-बजरिया मार्ग से कराया जाए, जिससे बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव कम हो और लोगों को खरीदारी में सुविधा मिल सके।

जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का महापर्व है तथा व्यापारी समाज हमेशा इसके सफल आयोजन में प्रशासन का सहयोग करता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे कांवड़ यात्रा भी निर्बाध रूप से संचालित हो और घंटाघर, बजरिया एवं रमते राम रोड के व्यापारियों का कारोबार भी अनावश्यक रूप से प्रभावित न हो। एडीसीपी यातायात वरुण सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सुझावों पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।







# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के स्वागत में उमड़ा युवा जनसैलाब

## 12 स्थानों पर हुआ भव्य अभिनंदन, 2027 के चुनाव के लिए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान





### आशुतोष शर्मा ने 60 गाड़ियों के काफिले से दिखाया दम



प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ करीब 60 गाड़ियों के काफिले के जरिए स्वागत किया। उनके नेतृत्व में निकला काफिला पूरे कार्यक्रम के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। युवा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की ताकत और उत्साह का प्रतीक बताते हुए प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन और विश्वास व्यक्त किया।

मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के प्रथम गाजियाबाद आगमन पर रविवार को युवा शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और भाजयुमो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में हजारों युवा कार्यकर्ताओं ने 12 स्वागत स्थलों पर पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे शहर में निकले स्वागत काफिले के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए बनाए गए 12 स्वागत स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा मोर्चा ने संगठन की एकजुटता और सक्रियता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जगह-जगह लगाए गए स्वागत द्वारों और नारों से माहौल पूरी तरह भाजपा के रंग में रंगा नजर आया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में युवा मोर्चा की कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बताते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा कार्यकर्ता है और युवाओं के समर्पण, अनुशासन एवं परिश्रम के बल पर पार्टी वर्ष 2027 में ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी। बैठक में युवा कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगामी चुनावों में पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम, प्रदेश मंत्री अमल खटीक, अंजलि चौहान, नरेंद्र भाटी, अरुण यादव, महानगर महामंत्री पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा, अनुज कश्यप, काजल त्यागी, मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।